तापमान

अधिकतम 11.4डिग्री
न्यूनतम 7.5 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार 6 जनवरी 2024



08 महाबीर स्टेडियम में 67वीं नेशनल स्कूल हैंडबॉल-19 खेलकूद स्पर्धा का आगाज





10 जनस्वाथ्य विभाग के अधिकारियों ने माना शहर की सीवरेज व्यवस्था बदहाल





YADUVANSHI GROUP OF INSTITUTIONS

India's No. 1 SCHOOL Since-1995

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन



मंगलपाण्डे · शहीद भगत सिंह · सुभाष चन्द्र बोस · राजा नाहर सिंह
राजा राव तुलाराम · महाराणा प्रताप · महाराज अग्रसेन · रानी लक्ष्मीबाई

"शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले,
वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा..."

## आमंत्रण
## स्थापना दिवस
## "भव्य समारोह"

मकर संक्रांति 14 जनवरी 2024 रविवार

स्थान: नई अनाज मंडी, चरखी दादरी

प्रीतिभोज : प्रातः 11:00 बजे से



महात्मा गांधी · डॉ. भीमराव अम्बेडकर · सरदार वल्लभभाई पटेल · सर छोटूराम
चौ. रणबीर सिंह हुड्डा · चौ. देवीलाल · चौ. बंशीलाल · राव बीरेन्द्र सिंह

"मन समर्पित, तन समर्पित और यह जीवन समर्पित,
चाहता हूँ देश की धरती तुझे अभी कुछ और भी दूँ..."

*In respect of renowned personalities, please ignore hierarchy.

आदरणीय स्नेहीजन,
हम किसी कारणवश आपसे व्यक्तिगत तौर पर नहीं मिल पाये तो इसके लिए क्षमा प्रार्थी हैं। आप सभी से हमारी करबद्ध प्रार्थना है कि हमारा निमंत्रण सहृदय स्वीकार करें।

-राव बहादुर सिंह



अध्यक्ष
माननीय श्री श्रवण कुमार
विधायक सूरजगढ़ (राजस्थान)



मुख्यातिथि
माननीय श्री सत्य पाल सिंह मलिक
प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ एवं
पूर्व राज्यपाल- जम्मू कश्मीर, गोवा, बिहार एवं मेघालय



निवेदक
राव बहादुर सिंह
पूर्व विधायक नांगल चौधरी एवं चैयरमैन यदुवंशी ग्रुप

# YADUVANSHI
## CHAIRMAN'S SCHOLARSHIP
## Cum ADMISSION TEST (YCSAT)
For Class I to XII

upto 100% on Tuition & Hostel Fee

on SUNDAY 21st January 2024

Yaduvanshi Shiksha Niketan

| | |
|---|---|
| Mahendergarh | Ph:9466341799 |
| Rewari | Ph:8901167461 |
| Narnaul | Ph:9468061387 |
| Satnali | Ph:9812330666 |
| Gurugram Sec 92 | Ph:9053905384 |

Time: 10:00 am to 12:00 noon

Offline Registration on the spot also.

Buses will be Available on all the Nearby Routes

on SUNDAY 28th January 2024

Yaduvanshi Shiksha Niketan

| | |
|---|---|
| Thanwas | Ph:9050784050 |
| Sohali | Ph:9991217659 |
| Mandola | Ph:7027134134 |
| Gurugram Sec 33 | Ph:9053905381 |
| Jind | Ph:9053905361 |
| Dhani Mahu | Ph:9050007943 |
| Kanina | Ph:9053048100 |
| Kosli | Ph:9053002458 |
| Hansi | Ph:9053905366 |

Time: 10:00 am to 12:00 noon

for ONLINE Registration
SCAN & REGISTER
Visit at
www.yaduvanshigroup.edu.in

## REQUIREMENTS

INTERVIEW SCHEDULE:
Time: 12:00 pm to 03:00 pm

Principal, Academic Heads
21 January 2024 : Mahendergarh, Rewari, Narnaul, Satnali, Gurugram Sec-92
28 January 2024 : Thanwas (N.Chaudhary), Mandola (Ch. Dadri), Gurugram Sec-33, Jind, Dhani Mahu (Bhiwani), Kanina, Kosli, Hansi, Sohali (Raj.)

COACHING EXPERTS (All subjects) for NEET/IIT/NDA/CLAT/CA SALARY : 2 to 3 Lac per month
PGT:All Subjects (1 to 2 Lac p.m.) | TGT:All Subjects (50 Thousand to 1 Lac p.m.)| PRT:All Subjects (20-50 Thousand p.m.)| NTT/Mother Teacher
Others: NTT,Hostel Warden (M/F), NIS Coaches (M/F), DPEs, PTIs, Librarian, Accountant, Music Teacher, Dance Teacher, Art & Craft, Computer Operator-cum- Web Designer, Graphic Designer, English Communication Teacher.

Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Rewari: 8901167461 | Satnali: 9812330666 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kosli : 9053002458 | Hansi : 9053905366 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134

## खबर संक्षेप

### शिविर में नशे से दूर रहने की दी प्रेरणा

**हांसी।** शिव लाल सिंगला राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर के समापन पर शुक्रवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा गुप्ता ने की। समारोह में नारकोटिक्स सैल में तैनात एएसआई सुरेन्द्र सिंह ने स्वयं सेविकाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या ने स्वयंसेविकाओं को स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्याम सुन्दर, सुषमा व अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

### खेत में जुआ खेलते 10 लोग गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जुआरियों पर नकेल कसते हुए भट्टूकलां पुलिस ने 10 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लाखों रुपये की जुआ राशि बरामद की है। पकड़े गए लोगों ने अपने नाम अशोक कुमार महराणा, सतबीर सिंह ढिंगसरा, मोहर सिंह ठुईयां, मुकेश फेफाना, धर्मपाल सिरढ़ान, मोहन लाल दैयड़, पवन फेफाना, विरेन्द्र उर्फ लाला मोड़ाखेड़ा, भूषण सादुलशहर व गुरपाल सिंह सादुलशहर बताए हैं। पुलिस ने इनके पास से 4 लाख 90 हजार 500 रुपये की जुआ राशि बरामद की।

### दो युवक अवैध पिस्तौल व दो कारतूस सहित काबू

**डबवाली।** डबवाली सीआईए प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि एएसआई विजय सिंह के नेतृत्व में शक के आधार पर दोनों युवकों को काबू कर उनकी नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्जा से एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान मुकेश उर्फ सेठी पुत्र किशोरी लाल व सुरेंद्र कुमार उर्फ लादेन पुत्र मनीराम निवासी गंगा के रुप में हुई है।

### सड़क हादसे में कार सवार युवक की मौत

**ओढां।** जिला के गांव पंजुआना व खैरेकां के समीप तूडे.से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस को दिए बयानों में डबवाली के वार्ड नंबर 15 निवासी पवन कुमार ने बताया कि उसका भाई राजेश महेंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी डबवाली में मुनीमी का काम करता है।

### युवती से छेड़छाड़, अश्लील वीडियो दिखाई

**फतेहाबाद।** शहर के भट्टू रोड पर शुक्रवार सुबह हंगामा हो गया। आईटीआई भोडियाखेड़ा में पढ़ने जा रही एक छात्रा ने बस स्टॉप पर खड़े व्यक्ति पर अश्लील हरकतें करने के आरोप लगाए हैं। साथ ही व्यक्ति पर उसे फोन पर अश्लील वीडियो दिखाने के भी आरोप लगाए। शोर मचाने पर आरोपी मौके अपना मोबाइल छोड़ भाग निकला। लोगों द्वारा सूचना देने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है।

### दुकान में घुसकर हजारों की नकदी चुराई

**टोहाना।** चोरों ने रेलवे रोड स्थित एक आटा चक्की में घुसकर गल्ले से हजारों रुपये की नगदी चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में पुराना मॉडल टाऊन, टोहाना निवासी बजरंग ने कहा है कि उसकी रेलवे रोड पर आटा चक्की है। गत दिवस दोपहर को वह दुकान के ऊपर कोई काम से गया था। पीछे से अज्ञात चोर उसकी दुकान में घुए गए और गल्ले में रखी 8-10 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।

### गुरुकुल वेद मंदिर में गर्म वस्त्र किया वितरित

**फतेहाबाद।** लायंस क्लब फतेहाबाद गौरव की तरफ से गुरुकुल वेद मंदिर फतेहाबाद कंबल व गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम व नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएसपी कुलवंत सिंह व एसआई सुन्दर मुसाफिर की टीम ने समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डीएसपी व एसआई सुन्दर मुसाफिर ने बच्चों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित कर अभियान में सहयोग की अपील की।

## कैबिनेट मंत्री ने किया खेल प्रतियोगिता उद्घाटन

# महाबीर स्टेडियम में 67वीं नेशनल स्कूल हैंडबॉल-19 खेलकूद स्पर्धा का आगाज

- खेलों से समाज और देश में एकता व भाईचारे को मिलता है बढ़ावा : डॉ. गुप्ता
- मंत्री ने निजी कोष से 3 लाख 1 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

खेलों से समाज व देश में एकता व भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। खिलाड़ी जब किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेता है तो उसका लक्ष्य जीत प्राप्त करने के साथ-साथ खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, आपसी प्रेम व भाईचारा बनाए रखना होता है।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता शुक्रवार को स्थानीय महावीर स्टेडियम में 67वीं नेशनल स्कूल हैंडबॉल-19 (बॉयज एंड गर्ल्स) खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में भाग लेने से खिलाड़ी मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत होते हैं। खेल प्रतिभाओं के उचित प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन से कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भारत को मिले हैं।



हिसार। खिलाड़ियों के मार्चपास्ट की सलामी लेते शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

### नशे न करने की दिलाई शपथ

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने शिरकत कर उद्घाटन समारोह से पहले खिलाड़ियों द्वारा किए गए मार्च पास्ट रिहर्सल की सलामी ली। मार्च पास्ट रिहर्सल उपरांत पुलिस अधीक्षक ने सभी खिलाड़ियों को उनका दाहिना हाथ ऊपर कर नशा न करने की शपथ दिलाई। नशा मुक्त भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर व हैंडबॉल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवीन पूनियां ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से ड्रग्स का प्रयोग न करने अपील की।

**27 टीमों के 1100 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा**

*उन्होंने अपने निजी कोष से खेल प्रतियोगिता के लिए 3 लाख 1 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की। जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप सिहाग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों व संस्थानों की 27 टीमों के 1100 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें सभी मैच लीग कम नॉकआउट आधार पर आयोजित होने हैं।*

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर एसडीएम जयवीर यादव, जिला खेल अधिकारी जगदीप श्योराण, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मला दहिया, संजय बबर, सतपाल ढांडा, कृष्ण बिश्नोई, एसएस चहल, गंगा दत्त यादव, सतबीर सिवाच एवं सभी टीमों के कोच सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।


नारनौंद। ग्रामीण युवाओं के साथ दौड़ लगाते डीएसपी रविंद्र सांगवान।

# डीएसपी ने खांडाखेड़ी के खेल मैदान का किया दौरा

**नारनौंद।** हांसी पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार डीएसपी रविंद्र सांगवान अर्जुन अवार्डी ने गांव खांडाखेड़ी में खेलों में हिस्सा लेकर युवाओं को नशे से दूर रहने व खेलों के साथ जोड़ने की पहल की। प्रदेश में युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित कर उन्हें नशे से दूर रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है।

ड्यूटी के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेकर गांव-गांव जाकर खेल प्रतियोगिता करवाई जाएंगी जिसमें सौ मीटर दौड़, दो सौ मीटर और 400 मीटर दौड़, रस्साकसी व वॉलीबाल के खेल होंगे।

अभियान के नोडल अधिकारी डीएसपी ने गांव खांडाखेड़ी के खेल मैदान का दौरा कर खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। अभियान के तहत उन्होंने अपनी टीम के साथ चिन्हित गांव में जाकर खेल प्रशिक्षक के साथ स्टेडियम व खेल परिसरों का निरीक्षण किया। उप पुलिस अधीक्षक ने बतलाया कि वर्तमान में टेक्नोलॉजी के नए-नए अविष्कार होने के कारण साइबर अपराध के मामलों में भी बढ़ोतरी हो रही है।

# एसडीएम ने किया नप, अग्रवाल व राम सेवा समिति धर्मशाला में बनाए गए रैन बसेरों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

उपमंडलाधीश राजेश कुमार ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी की टीम के साथ नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, अनाज मंडी, पंचायत भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर ही ठंड से प्रभावित लोगों को रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से कम्बल वितरित किए। इसके साथ ही एसडीएम ने नगर परिषद कार्यालय, अग्रवाल धर्मशाला व राम सेवा समिति धर्मशाला में बनाए गए रैन बसेरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों व धर्मशाला के प्रबंधकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नया बस स्टैंड पर उपस्थित कर्मचारियों को हिदायत दी कि यदि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति देर रात्रि को बस स्टैंड पर आता है और उसके पास कोई भी साधन नहीं है तो उसके लिए एक कमरा रैन बसेरे के लिए बनाया जाए और जो भी जरूरी बैड आदि की आवश्यकता है। उन्होंने नये बस स्टैंड पर मिले एक व्यक्ति को कम्बल भेंट किया और नगरपरिषद् कर्मचारियों को निर्देश दिया कि इसे रैन बसेरा में ले जाकर ठहराएं, जिसकी पालना करते हुए कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही रैन बसेरा में ठहराया गया और उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें सरकारी हस्पताल में गुरदयाल भट्टी ने दाखिल करवाया। एसडीएम ने अग्रवाल धर्मशाला व राम सेवा समिति धर्मशाला में उपस्थित प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे जिला प्रशासन का सहयोग करें ताकि ठंड से बचाव हो सके।


फतेहाबाद। रैन बसेरा में एक व्यक्ति को कंबल भेंट करते एसडीएम

### एनएसएस के व्यक्तित्व का विकास संभव

**भूना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोची-चौबारा में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के पांचवें दिन डाइट प्राचार्य संगीता बिश्नोई मुख्यअतिथि के रूप में पहुंची। उनके साथ डाइट के प्रवक्ता डॉ. ईश्वर सिंह व सुनील कड़वासरा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल भगवान दास ने की तथा मंच संचालन मुख्य अध्यापक वीरेंद्र शर्मा ने किया।

संगीता बिश्नोई ने एनएसएस वालंटियर को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से आप समाज की सेवा कर सकते हैं तथा इसके द्वारा आपके व्यक्तित्व का विकास होता है। हमें अपने लक्ष्य को निर्धारित करके उसको प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मेहनत जरूरी है।

# ग्रामीणों के लिए वरदान : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंधु ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव उगालन तथा खेड़ा रांगड़ान में पहुंचने पर स्वागत किया तथा ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। इस यात्रा से यह तय किया जा रहा है कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे।

उन्होंने जनसमूह को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलवाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनता के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। देश को विकसित बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग भी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि यात्रा के तहत हर व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगाई गई स्टालों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस दौरान उन्होंने मौके पर बनी बुढ़ापा पेंशन तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को भी उन्होंने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विधानसभा संयोजक जयवीर माजरा, पार्षद संजय खरब, सुधीर पांचाल, अमित मोर, आजाद शर्मा, ईश्वर बडाला आदि पर मौजूद थे।


नारनौंद। सम्मानित करते भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अजय सिंधु। फोटो : हरिभूमि


टोहाना। मैरिज पैलेस संचालकों व डीजे ऑनर के साथ बैठक को संबोधित करते एसडीएम।

### रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई

**टोहाना।** उपमंडलाधीश प्रतीक हुड्डा ने कहा कि सवार्ेच्च न्यायालय के आदेशानुसार रात्रि 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर व डीजे बजाने पर पूर्णतया प्रतिबन्ध है। नियमों की अवहेलना की अवस्था में संबंधित के विरूद्ध ध्वन प्रदूषण (रेगुलेशन एंड कंट्रोल) रूल्स के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने शुक्रवार को उनके कार्यालय में मैरिज पैलेस संचालकों व डीजे ऑनर के साथ बैठक कर डीजे बजाने बारे जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बैठक में मैरिज पैलेस संचालकों व डीजे ऑनर को निर्देश दिए कि सभी प्रबंधक यह सुनिश्चित करे रात्रि 10 बजे के बाद डीजे ना बजाय जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी। मैरिज पैलेस संचालकों कोई भी बुकिंग करते समय संबंधित को नियम व शर्ते बताना सुनिश्चित करें।

# पशुओं को गर्म पानी से नहलाकर सरसों तेल की मालिश करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. विद्यासागर बंसल ने सर्दी के मौसम को देखते हुए पशुपालकों से कहा कि जब वातावरण का तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से कम हो जाता है तो शीतलहर माना जाता है। इससे पशुओं में नुकसान, पशु कितने समय तक कम तापमान में रहाए वातावरण में नमी का लेवल तथा हवा की गति पर निर्भर करता है। पूर्व में शीतलहर का पूर्वानुमान, आमजन को इस बाबत सचेत करना व शीतलहर से बचाव हेतू समय रहते तैयारी करने से काफी हद तक इससे होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। शीतलहर से पालतू पशुओं व जंगली जानवरों में सदैव चोटिल होने व मृत्यु होने की संभावना बनी रहती है। नवजात बालपशु, युवा पशु, श्वसनतंत्र की बीमारी से पीड़ित पशु, दुधारू पशु व कमजोर पशुओं पर शीतलहर का प्रभाव अधिक होता है। शीतलहर के दौरान पशुओं के शरीर का तापमान कम हो जाता है, जिससे पशुओं को भूख कम लगना, भारी पशुओं में जोड़ों में दर्द का होना, कुत्तों में कैनल व श्वसनतंत्र की बीमारियां आदि का होना अमूमन लक्षण पाए जाते हैं। सर्दियों के दिनों में पशुओं के पीने के लिए गर्म गुनगुने पानी का प्रयोग करें। सर्दियों के दिनों में धूप निकलने पर पशुओं को गर्म ताजा पानी से नहलाकर सरसों के तेल की मालिश करें, जिससे पशुओं को खुश्की आदि से बचाया जा सके। नवजात बच्चों व बीमार पशुओं को रात के समय किसी बोरी या तिरपाल से ढक दें तथा धूप निकलने पर हटा दें। सर्दियों के दिनों में दुधारू पशुओं व 6 मास से अधिक गाभिन पशुओं को अधिक मात्रा में संतुलित पोषाहार दें। पक्षियों के शेड में तापमान-नियंत्रण यूनिट लगा होना चाहिए। सर्दियों के दिनों में समय-समय पर पशुओं को मुंहखुर, गलघोटू, पीपीआर, ईटीवी शीप पोक्स इत्यादि का टीका पशुचिकित्सक की सलाह अनुसार लगवाना चाहिए। सर्दियों के दिनों में पशुओं को समय-समय पर कृमि रहित करना चाहिए। पशुओं को बाह्यीय जीवों के प्रकोप से बचाने के लिए कीटाणुनाशक घोल का छिड़काव पशुशालाओं में करें।

**पशुपालकों को निम्न कार्य नहीं करने चाहिए**

सर्दियों में पशुओं को खुले स्थान पर न तो बांधे और न ही घूमने के लिए खुला छोड़ें। पशुबाड़ों में नमी व धुआं नहीं होना चाहिए। सर्दियों में पशुओं को ठंडा आहार व ठंडा पानी नहीं पिलाना चाहिए। सर्दियों में पशुओं को रात के समय व अत्यधिक ठंड में बाहर नहीं रखना चाहिए। सर्दियों में जहां तक संभव होए पशु मेला का आयोजन नहीं करना चाहिए। पशुओं के मृत शरीर को पशुओं की चारागाह के आस पास दफन नहीं करना चाहिए।

**शीतलहर से बचाव के उपाय**

सर्दियों के दिनों में पशुपालकों को आसपास के मौसम के पूर्वानुमान बारे जानकारी रखना चाहिए। सर्दियों के दिनों में पशुओं के आवास का उचित प्रबंध करना चाहिए। टीन शेड से निर्मित पशु आवास को घास-फूस के छप्पर से चारों ओर से ढक देना चाहिए, ताकि पशुओं को ठंडी हवा से बचाया जा सके। पशुबाड़ों का निर्माण मौसम के अनुकूल करना चाहिए, ताकि सर्दियों में अधिकतम धूप शेड में आ पाये।


सिरसा। बैठक में उपस्थित अभय चौटाला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# इनेलो बैकवर्ड सम्मेलन 14 को सिरसा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

इनेलो के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो प्रदेश में सभी दस संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ेगी और कम से कम दो सीटों पर व सिरसा की सभी पांचों विधानसभा सीटों पर विजय हासिल कर प्रदेश में सत्तासीन होगी। अभय चौटाला पार्टी कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी 14 जनवरी को सिरसा में बैकवर्ड प्रकोष्ठ का रा'य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें करीब 50 हजार बैकवर्ड लोग शामिल होंगे। ये सम्मेलन बाईपास रोड पर दशहरा ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारियों के लिए सभी पार्टी पदाधिकारी पूरी तन्मयता से जुटें। साथ ही कैथल में आगामी 21 जनवरी को युवा इनेलो का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।



फतेहाबाद। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते राशन डिपो होल्डर।

## वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेहूवाला में हुआ शिविर का समापन

# एनएसएस शिविर सिखाता है जीवन कौशल

- सुशासन सहयोगी सुरभि साहू ने एनएसएस स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहीद नरेंद्र सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेहूवाला में चल रहे एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी सुरभि साहू ने कार्यक्रम में शिरकत कर एनएसएस स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाया और कहा कि एनएसएस शिविर जीवन कौशल सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई व एनएसएस का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। उन्होंने शिविर के दौरान की गई गतिविधियों का अवलोकन किया व स्वयंसेवकों से उनके अनुभव जाने। उन्होंने स्वयंसेवकों को इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने व स्वयं का विकास करते हुए समाज में अपना योगदान देने का आह्वान किया।


फतेहाबाद। मेहूवाला में एनएसएस शिविर के समापन पर विद्यार्थियों को सम्मानित करती मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी सुरभि साहू। फोटो : हरिभूमि

**सिलाई का प्रशिक्षण दिया**

उन्होंने शिविर के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। उन्होंने बैडमिंटन लीग के विजेता मुन्ना व अनुपमा को सम्मानित किया। प्रातः काल के सत्र में राजेश ने पत्रकारिता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसके अतिरिक्त गीता ने छात्रों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया। डाइट मताना से वरिष्ठ प्रवक्ता प्रमोद बंसल ने छात्र-छात्राओं को बोर्ड की परीक्षा के लिए तैयारी करने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि कठिन मेहनत से लक्ष्य को पाएं। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान कविता, एसएमसी मेंबर राजेंद्र, इतिहास के प्रवक्ता सुनील पूनिया, हिंदी के प्रवक्ता सुरतबीर, ईएसएचएम होशियार, एसएमसी पूर्व प्रधान बलविंदर, सतबीर, जिला एनएसएस प्रभारी रोहतास मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर राशन डिपू होल्डर हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर 1 जनवरी से हड़ताल पर चले आ रहे राशन डिपो धारक आज सड़क पर उतर आए। राशन डिपू होल्डरों ने शुक्रवार का अपनी मांगों को लेकर फतेहाबाद में उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डिपो होल्डरों ने लघु सचिवालय में तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यहां पर डिपो धारकों ने 10 जनवरी को प्रदेशभर में जिलास्तर पर बड़ा प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। डिपो धारकों का कहना था कि सरकार एक तरफ उन्हें कर्मचारी नहीं मानती वहीं दूसरी और उनके रिटायरमेंट की उम्र 60 वर्ष कर दी गई है। यानि 60 वर्ष से ऊपर के डिपो धारकों के लाईसेंस रिन्यू नहीं किए जा रहे, जोकि सरासर अन्यायपूर्ण है।

प्रदर्शन कर रहे डिपो संचालकों ने सरकार से डिपो संचालकों को न्यूनतम 30 हजार रुपए मानदेय दिए जाने, 50 हजार रुपए मासिक आय की गारंटी देने, सरकार द्वारा लागू श्रम कानून एवं सुविधाएं मुहैया करवाने और कोरोना काल में जान गंवाने वाले डिपो धारकों के परिजनों को 50 लाख रुपए सहायता दिए जाने की मांग की। डिपो संचालकों ने कहा कि अगर सरकार रवैया यही रहा तो वे अपने आंदोलन को तेज करेंगे।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आज फ्री होंगे नेत्र ऑपरेशन

**हिसार।** न्यू ऋषि नगर में स्थापित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में 6 जनवरी को फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि शिविर में सेवार्थ भाव से 15 जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे।

### युवा इनेलो की जिला स्तरीय बैठक कल

**हिसार।** युवा इनेलो की जिला स्तरीय बैठक 7 जनवरी को सिरसा रोड स्थित ताऊ देवीलाल सदन में होगी। पार्टी के जिला प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि बैठक में युवा इनेलो के राष्ट्रीय प्रभारी कर्ण चौटाला और युवा इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष उदयवीर राणा बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में 21 जनवरी को कैथल में होने वाली युवा इनेलो के सम्मेलन को लेकर ड्यूटियां लगाई जाएंगी।

### 22 को मनाया जाएगा श्रीराम आस्था उत्सव

**हिसार।** राजगढ़ रोड पर किसान कॉलोनी में स्थापित श्री श्याम मंदिर में 22 जनवरी को श्रीराम आस्था उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित प्राण-प्रतिष्ठा के मद्देनजर और भक्तों की श्रीराम के प्रति श्रद्धा देखते हुए आस्था उत्सव मनाया जाएगा। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के संयोजक जगदीश तायल व महंत गोकुलदास ने बताया कि मंदिर में आचार्य धर्मवीर शास्त्री के सान्निध्य में सुबह ग्यारह ब्राह्मणों द्वारा श्रीराम की स्तुति करते हुए हवन किया जाएगा।

### अग्रवाल सेवा समिति का वार्षिकोत्सव कल

**हिसार।** श्री अग्रवाल सेवा समिति का 28वां विशाल वार्षिकोत्सव अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में 7 जनवरी को महाराजा अग्रसेन भवन में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व पूर्व मंत्री व उद्योगपति श्रीमती सावित्री जिंदल होगी। समिति के प्रधान शिवकुमार गोयल, महासचिव राजीव सिंगल, उपप्रधान सुरेंद्र सिंगला व कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश जैन विशिष्ठ अतिथि प्रमुख समाजसेवी नारायण दास बंसल, रामकुमार रालवासिया, अंजनी खारिया वाला, राकेश अग्रवाल, सत्य प्रकाश राजलीवाला, तरुण जैन, योगेश मित्तल, डॉक्टर नरेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, अश्विनी गर्ग, विपिन गोयल, विनोद जैन होंगे।

### जेजेपी नेता दलबीर धीरणवास को भातृशोक

**हिसार।** जेजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दलबीर सिंह धीरणवास के बड़े भाई धर्मपाल के निधन पर शोक जताने के लिए भाजपा प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि सैनी, भाजपा नेत्री सीमा गैबीपुर, वरिष्ठ नेता नरेश नैन, हेमंत शर्मा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों तथा सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे। दलबीर सिंह धीरणवास ने बताया कि उनके बड़े भाई धर्मपाल धीरणवास की आयु 74 वर्ष थी। गत 29 दिसंबर को निधन हो गया था।

## एचएयू में होगा 30 दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स

# शिक्षकों को नई तकनीकों से अपडेट होना जरूरी : प्रो. काम्बोज

**कोर्स में विश्वविद्यालय सहित एमएचयू, करनाल के नवनियुक्त वैज्ञानिक ले रहे भाग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शैक्षणिक संस्थान को पहचान दिलाने में योग्य और कुशल फैक्लटी की अहम भूमिका होती है। इसलिए वैज्ञानिकों को चाहिए कि वे समय के साथ अपडेट होकर अपने अंदर साकारात्मक विचार, अनुशासन, ईमानदारी, मेहनत, लगन, कर्तव्यनिष्ठता व जिज्ञासा को धारण कर अपना व्यक्तित्व व कौशल विकास करें।

यह बात हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कही। वे शुक्रवार को विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में 30 दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स उपरोक्त निदेशालय के कृषि अनुसंधान और शिक्षा प्रबंधन अकादमी द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों व वैज्ञानिकों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

इस कोर्स में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय सहित महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल से कुल 34 नवनियुक्त फैकल्टी सदस्य भाग ले रहे हैं। कुलपति ने कहा कि दुनिया के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र में भी बड़ी तेजी के साथ बदलाव आ रहे हैं।

ये बदलाव नई-नई तकनीकें, प्रौद्योगिकियों व शोध का परिणाम है। इन्हें अधिक से अधिक अपनाना समय की मांग है। अगर हम इन्हें अपनाने के साथ-साथ अपने कौशल व व्यक्तित्व का भी विकास करेंगे तो निश्चित रूप से हमारा शिक्षण संस्थान ऊंची बुलंदियों को छूकर अपनी अनूठी पहचान बनाएगा।

**ये रहे मौजूद**

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजू महता ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया और हाल में ही विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिले एमएस स्वामीनाथन अवार्ड पर उन्हें बधाई भी दी। इस मौके पर कोर्स संयोजक डॉ. जितेंद्र भाटिया, डॉ. विनोद, डॉ. अमोघ वर्षा व डॉ. जयंति टोकस भी उपस्थित रहे।



**हिसार।** कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. दलबीर सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

# व्यक्ति की सामाजिक छवि को धूमिल कर रहा नशा

- हीरा देवी रामरूप चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया नशा मुक्ति पर कार्यक्रम का आयोजन
- नशा केवल एक व्यक्ति को प्रभावित नहीं करता : डॉ. सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नशा न केवल हमारे शरीर व स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि यह व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा भी धूमिल कर देता है। ऐसे में हमें खुद भी नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह बात सेवानिवृत जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह सैनी ने शुक्रवार को हीरा देवी रामरूप चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नशा मुक्ति पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम सराहनीय है और इससे निश्चय ही लोगों में जागरूकता आती है। यदि हम किसी एक व्यक्ति का नशा छुड़वाने में कामयाब हो जाते हैं तो भी यह बहुत बड़ी बात है। प्रयास हमेशा जारी रखना चाहिए, सफलता अवश्य मिलेगी।

ऐसे में हीरा देवी रामरूप चैरिटेबल ट्रस्ट को अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अपने प्रयास जारी रखने चाहिए, ताकि हम किसी का भला कर सकें। डॉ. सैनी ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को प्रभावित नहीं करता। वह नशा करने वाले व्यक्ति के अलावा उसके परिवार व पूरे समाज को प्रभावित करता है।

इस अवसर पर अंकुश फाउंडेशन के अध्यक्ष विपिन शर्मा एवं अन्य भी उपस्थित रहे। विपिन शर्मा ने भी संस्था की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी।



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र।

### भाजपा केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी : कैप्टन भूपेंद्र

**हिसार।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र ने दावा किया है कि भाजपा केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस समय भाजपा के मुकाबले कोई दल चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। कैप्टन भूपेंद्र शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पार्टी संगठन द्वारा प्रदेश सचिव के रूप में नई जिम्मेवारी दिए जाने पर संगठन का आभार जताया और कहा कि वे संगठन की आशाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कैप्टन भूपेंद्र ने कहा कि प्रदेश सचिव के रूप में संगठन उनकी जो ड्यूटी लगाएगा, उसके हिसाब से वे कार्य करेंगे। फिलहाल पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगी है और लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो जाएगी। ऐसे में वे पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताअरं के सहयोग से अपना कार्य बेहतर करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा, सोशल मीडिया प्रमुख अनिल केरों व सुदेश चौधरी सहित अन्य भी थे।



**हांसी।** दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं व्हील चेयर वितरित करते अध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

# दिव्यांगजन को वितरित की गई ट्राई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा शुक्रवार को स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं व्हील चेयर वितरित किए गए। संस्था के महासचिव मनमोहन तायल ने बताया कि संस्था के स्थापना दिवस पर दो दिव्यांग के लिए दो ट्राईसाईकल एवं एक दिव्यांग हेतु एक व्हील चेयर उनके परिवारजनों को भेंट की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने सभी को लोकहित मंच के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकहित मंच निरंतर रूप से समाज के कार्यों में लगी हुई है। स्थापना से लेकर अभी थोडे से अंतराल में संस्था द्वारा सैकड़ों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है।

# चेयरमैन ने केडिया के आदर्शों पर चलने की दी सलाह

- स्व. हनुमान केडिया को याद कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवानी मंडी



**हिसार।** पुष्पांजति अर्पित करते श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल के पदाधिकारी।

शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी के रूप में विख्यात स्व. हनुमान प्रसाद केडिया की पुण्यतिथि पर श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल में श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर हनुमान प्रसाद केडिया शहर के गणमान्य लोगों ने स्व. हनुमान प्रसाद केडिया को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन राजेश केडिया, रविंद्र केडिया तथा प्रधानाचार्य सुनील शर्मा तथा उप प्रधानाचार्य सुनील कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन राजेश केडिया भावुक और नम आंखों से कहा कि स्व. हनुमान प्रसाद केडिया का सपना क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देना था ताकि सिवानी जैसा क्षेत्र शिक्षा के पथ पर आगे बढ़ता हुआ निरंतर उन्नति करे। इस स्वप्न को पूरा करने के लिए विद्यालय की नींव रखी गई और आज इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे हर रोज एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी भी अच्छी संगत में रहकर अपने जीवन के उच्च आदर्श मूल्यों को स्थापित कर सकते हैं।

# जिंदल स्टेनलेस ने मांगी सीमा शुल्क पर छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारत के सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निर्मात जिंदल स्टेनलेस ने 2024-25 के बजट से पहले आज स्टेनलेस स्टील स्क्रैप, स्टील स्क्रैप और शुद्ध निकेल पर शून्य सीमाशुल्क बरकरार रखने का सरकार से अनुरोध किया। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने अपनी बजट अनुशंसा में कहा कि आने वाले दिनों में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश किए जाने के मद्देनजर हमने इस्पात मंत्रालय से सतत सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।

हमने खासकर फेरो निकेल और फेरो मोलिबडेनिम पर मूल सीमाशुल्क पर दीर्घकालिक छूट मांगी है ताकि प्रतिस्पर्धी दरों पर उद्योग तक इस महत्वपूर्ण कच्चे माल की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, हमने स्टेनलेस स्टील स्क्रैप, स्टील स्क्रैप और शुद्ध निकेल पर शून्य सीमाशुल्क जारी करने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि इन अनुशंसाओं का उद्देश्य भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग को प्रगतिशील बनाना है, ताकि इसे प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बनाया जा सके।

उन्होंने बताया कि जिंदल स्टेनलेस को विश्वास है कि इन प्रस्तावों से स्टेनलेस स्टील उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी की योजना नवीकरणीय ऊर्जा पहल के माध्यम से प्रति वर्ष 1.9 अरब यूनिट स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करने की है। जिंदल स्टेनलेस 2035 के लक्ष्य वर्ष से पहले कार्बन उत्सर्जन में 50 फीसद कटौती के अपने मध्यावधि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार है।

# सरकार के फैसले से बढ़ेगी बेरोजगारी: एसो.

- गलत फैसला मुख्यमंत्री ने अपने अधिकारियों के बहकावे में आकर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रस्ट पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

असोशिएशन ऑफ एनसीटीई एप्रूवड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसवी आर्य और राष्ट्रीय महासचिव डा. सीपी गुप्ता के अनुसार प्रदेश सरकार के 2022 में किए गए एक गलत फैसले के कारण प्रदेश में हजारों लोगों का रोजगार चला जाएगा और प्रदेश को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान होगा। यह गलत फैसला मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने अधिकारियों के बहकावे में आकर लिया है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. आर्य व डॉ. गुप्ता ने कहा कि इस वक्त प्रदेश में सरकार के बड़े अधिकारी सरकार को गुमराह करने का काम कर रहे हैं और इसी का नतीजा है की सरकार ने 2022 में नई शिक्षा नीति का हवाला देकर प्रदेश के जेबीटी कॉलेजिस को डीएलएड यानीकि जेबीटी कोर्स में एडमिशन बंद करने के आदेश जारी कर दिए। यह आदेश 2023-24 के सत्र के लिए किए गए हैं, जबकि शिक्षा नीति में केंद्रीय सरकार ने सत्र 2030 तक डीएलएड जेबीटी को बीए, बीएससी/बीएड 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स में केवल परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा है।

### आरसीसी सड़क बनाने का कार्य किया शुरू

**हिसार।** करीब 20 साल पूर्व बनी और आरसीसी सड़क पर जगह जगह हुए गड्ढों को दूर करने का कार्य शहर के वार्ड 17 में मास्टिक लेयर से शुरू हो गया है। यह निर्माण वार्ड 17 के पटेल नगर, गांधी नगर, संजय नगर, चंद्रलेन कॉलोनी, मनोहर कॉलोनी की सडकों पर शुरू करवाया गया है। क्षेत्र के पार्षद डॉ. महेंद्र जुनेजा ने शुक्रवार को बताया कि उनके वार्ड में कंक्रीट की सड़कों पर कई जगह गड्ढे हो चुके हैं जिन्हें मास्टिक करके उन सड़कों के गड्ढों को भर दिया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य के दौरान सुपरवाइजर संजय बिश्नोई सुपरवाइजर, रामचंद्र, धीरज अनेजा, विशाल, मानव शर्मा, यतिन कथूरिया विशेष, मानव शर्मा, राजकुमार कामरा, सचिन व अन्य मौजूद थे।

# ज्ञानानंद महाराज आज करेंगे चौक का लोकार्पण

- सुंदरता के मामले में यह चौक प्रदेश के सबसे सुंदर चौकों में से एक है

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



**हांसी।** श्री गीता चौक पर पत्रकारों से बातचीत करते विधायक विनोद भयाना।

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कैंची चौक हांसी शहर में एक करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से भव्य श्री गीता चौक बनकर तैयार हो गया है। सुंदरता के मामले में यह चौक प्रदेश के सबसे सुंदर चौकों में से एक है। और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज शनिवार 6 जनवरी को गीता चौक का लोकार्पण करेंगे।

विधायक विनोद भयाना ने श्री गीता चौक पर यह जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि गीता मनीषी श्री ज्ञानानंद जी महाराज शनिवार दोपहर 12 बजे श्री गीता चौक का लोकार्पण करेंगे। उन्होंने कहा कि गीता चौक पर बनाये गये विशाल ग्लोब पर स्टील से बनाई गई श्रीमद् भागवत गीता की पुस्तक रखी गई है।

यह पुस्तक मथुरा से बनवाई गई है। उन्होंने कहा कि हिसार रोड़ पर हांसी में गीता चौक का निर्माण करवाया गया है। यह स्थान पहले कैंची चौक के नाम से जाना जाता था लेकिन अब यह चौक गीता चौक के नाम से जाना जाएगा। विधायक ने बताया कि श्री श्याम बाबा मंदिर के पास जींद चौक पर 50 लाख रुपये की लागत से तोरण द्वार बनवाया जाएगा। वहीं हिसार चुंगी और अंबेडकर चौक को भी सुंदर बनवाया जाएगा।

# एनएसएस इकाई पाबडा ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला



**बरवाला।** रक्तदाताओं को प्रशंस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित करते कार्यक्रम अधिकारी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाबड़ा के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित शिविर के छठे दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 60 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। इस शिविर में मुख्य वक्ता अनीता कुंडू माउंट एवरेस्ट पर्वतारोही ने स्वयंसेवकों से अपने वक्तव में कहा कि हमें यदि सफलता चाहिए तो काम के प्रति जुनून पैदा करना होगा। उसके बहाने न ढूंढकर उसके पूर्ण करने के साधन ढूंढने चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित मनोपति का जन्म दिवस होने के कारण उन्होंने स्वयं रक्तदान करके स्वयंसेवकों को प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्राचार्य अश्विनी कुमार धमीजा, दीपक सिंधु, युवा समाजसेवी नरेश शर्मा, ममता रानी, सुनील तायल, डॉ. सरवेक बजाज, डॉ. मंजू शर्मा, बलवान सिंह, सीमा रानी आदि मौजूद रहे।

## सवा महीने तक निकालेंगे संध्याफेरी: दीपक

# श्री रामलला वंदन संध्याफेरी निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** श्री रामलला वंदन संध्याफेरी में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। *फोटो : हरिभूमि*

छत्रपति शिवाजी स्मारक समिति की ओर से श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव बारे शुरू की गई संध्याफेरी के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। राजेंद्रा एनक्लेव में निकाली गई संध्याफेरी में भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। संध्याफेरी के दौरान पूरा राजेंद्रा एनक्लेव जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। अगले दो दिनों में हिसार के अर्बन एस्टेट व सेक्टर-13 एवं इनके निकटवर्ती क्षेत्रों में संध्याफेरी का आयोजन किया जाएगा। अखंड श्री रामलला वंदन के अंतर्गत आयोजित संध्याफेरी के दौरान छत्रपति शिवाजी स्मारक समिति के अध्यक्ष प्रो. दीपक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि समिति द्वारा 14 दिसंबर से अखंड श्री रामलला वंदन के रूप में दैनिक संध्या फेरी का आयोजन किया जा रहा है। यह वंदन संध्याफेरी आयोजन 21 जनवरी तक अनवरत चलेगा।

**ये रहे मौजूद**

सहसंयोजक राकेश शर्मा व सुमित मित्तल, मीडिया प्रभारी विष्णु बिश्नोई, महिला प्रमुख पिंकी उपाध्याय, सोशल मीडिया प्रमुख यश सिंगल, कोषप्रमुख राजेश छोक्कर व रोहित ग्रोवर एवं जयप्रकाश, बृजेश, हर्षित, चिराग, संदीप, सक्षम व केशव आदि कार्यकर्ता इस कार्यक्रम की व्यवस्था संभाल रहे हैं।

# जीजेयू के सभी विभागों में लागू हुई एनईपी

- विश्वविद्यालय के सभी पोस्टग्रेजुएट तथा संबद्ध महाविद्यालयों के सभी कोर्सों में भी होगी लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



प्रो. नरसीराम बिश्नोई, कुलपति।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) को पूर्ण रूप से लागू करने के प्रति गंभीर है। विश्वविद्यालय के सभी अंडरग्रेजुएट कोर्सिज में इसे लागू किया जा चुका है।

आगामी सत्र से विश्वविद्यालय के सभी पोस्टग्रेजुएट तथा संबद्ध महाविद्यालयों के सभी कोर्सों में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से आठ जनवरी को इसके क्रियान्वयन की बारीकियों की जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सुबह तथा सायं के दो सत्रों में विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में होने वाली इस कार्यशाला के मुख्यातिथि हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. केसी शर्मा होंगे।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे आने से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रामपुरा गांव के समीप शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर गांव जा रहे एक वृद्ध की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। हांसी की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी 67 वर्षीय अशोक कुमार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव खरबला जा रहा था।

### गांव ढाणी मिट्ठी के खेतों से मिली लाश

**सिवानी मंडी।** गांव ढाणी मिट्ठी के खेतों में संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति की लाश मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। मृतक की पहचान 45 साल के करीब बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह ग्रामीणों ने खेत में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश देखी। इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी गई।

### अयोध्या से आए चावल का किया वितरण

**हिसार।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अयोध्या से आए चावलों का कलश शिव मंदिर मॉडल टाउन में पहुंचा। मंदिर में कलश स्थापित करने के उपरांत भक्तों की टोलियां बनाकर क्षेत्र के अंदर पीले चावलों का वितरण किया गया। देशबंधु कौशिक ने बताया कि श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र वासियों विशेष रूप से मातृशक्ति में बहुत ज्यादा उत्साह और जोश दिखाई दिया।

## मेयर की अध्यक्षता में नगर निगम हाउस की बैठक में एजेंडों की समीक्षा

# जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने माना शहर की सीवरेज व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम की हाउस की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शुक्रवार को जनस्वास्थ्य, नगर निगम, जनसंपर्क विभाग समेत अन्य विभागों के एजेंडों की समीक्षा की गई। मेयर गौतम सरदाना की अध्यक्षता में चली बैठक में शहर में पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की पीठ थपथपाई और शहर की बिगड़ी सीवरेज व्यवस्था में भी सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान हाउस के सामने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने माना कि शहर में सीवरेज समस्या दूर नहीं हुई है। विभाग की तरफ से सीवरेज समस्या को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मेयर ने कहा कि जो लोग सीवर को गलत तरीके से ब्लॉक करते हैं या उसमें गोबर डालते हैं उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

इससे पूर्व जन स्वास्थ्य विभाग से अधिकारियों से मेयर ने निगम एरिया को लेकर 5 साल की प्रगति रिपोर्ट मांगी जिस पर अधिकारियों ने बताया कि पिछले 5 सालों में जन स्वास्थ्य विभाग की 611 एजेंडे निगम द्वारा उठाए गए है जो लगभग पूरे भी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे शहर में 91.5 एमसीडी पानी की सप्लाई की जा रही है। ऋषि नगर, सतरोड़ खुर्द में वाटर टैंक बनाए गए हैं। जिससे वहां की पानी की समस्या को से निजात पाया जा सके।



**हिसार।** नगर निगम हाउस की बैठक में उपस्थित मेयर गौतम सरदाना, निगमायुक्त प्रदीप दहिया सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### अशोका द्वार पर तीखी बहस

बैठक के दौरान सातरोड के पास निगम द्वारा शहर के एंट्री गेट पर प्रस्तावित अशोका द्वार के नाम को लेकर निगमायुक्त और पार्षद प्रीतम सैनी के बीच तीखी बहस हुई। पार्षद सैनी ने एंट्री गेट का नाम अशोका की बजाय सावित्री बाई फूले के नाम पर रखने की बात कही। निगमायुक्त ने इस पर सहमति नहीं जताई। दोनों में बहस शुरू हो गई। बहस के बीच में कूदते हुए पार्षद डॉ. महेंद्र जुनेजा ने कहा कि मैं अपनी तरफ से 11 लाख रुपये दे दूंगा। उसका नाम जुनेजा गेट रख दो।

### डेयरी संचालकों के लिए हो रहा नया सर्वे

*शहर के डेयरी संचालकों के लिए भी नया सर्वे तैयार किया जा रहा है जिसमें डेयरी संचालकों को जगह दी जाएगी और ऑक्सन की जाएगी। इसमें केवल डेयरी संचालक ही भाग ले सकते हैं। मेयर सरदाना ने कहा कि डेयरी बाहर शिफ्ट होने के बाद उन एरिया का विकास तेजी से होगा।*

### हाउस टैक्स जुटाने में फेल

नगर निगम के अधिकारियों ने अपना रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि हाउस टैक्स का कुल टारगेट 22 करोड़ रखा था जिसमें उन्होंने 12 करोड़ 66 लाख रुपए हाउस टैक्स तथा 1 करोड़ 11 लाख रुपये फायर टैक्स लिए। शहर में कुल 153175 प्रॉपर्टी है जिनमें से निगम द्वारा 81933 अप्रूव्ड की गई है 21430 रिजेक्ट तथा 746 पेंडिंग है।

### यह रहे उपस्थित

बैठक का संचालन निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने किया। बैठक में सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, उप-निगम आयुक्त विरेंद्र सहारण, कार्यकारी अभियंता संदीप सिहाग, संदीप सिहाग, एमई कर्मपाल सिंधु, एमई सदीप बेनीवाल सहित निगम अधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पार्षद नहीं कर रहे नशामुक्ति अभियान में सहयोग

बैठक में मौजूद मेयर, आयुक्त, अन्य अधिकारी व पार्षद उस समय हक्के-बक्के रह गए, जब सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से आए अधिकारी न पार्षदों की पोल खोल दी। जनसंपर्क विभाग की ओर से आए अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने शहर में जगह-जगह नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाए हैं। उन्होंने कहा कि हमने पार्षदों से सहयोग मांगते हुए कहा था कि वे हमें सूची दे दें कि और कहां-कहां पर कार्यक्रम करने हैं, लेकिन हमें पार्षदों की ओर से आज तक कोई सूची नहीं मिली। इतना कहना था कि बैठक की अध्यक्षता कर रहे मेयर ने कहा कि चलो अगले एजेंडे पर बात करते हैं।

### 10 फरवरी के बाद शहर में नहीं दिखाई देगा कचरा

हाउस के सामने निगम अधिकारियों ने कहा कि 15 फरवरी के बाद शहर में कहीं कचरा नहीं दिखाई देगा। डंपिंग स्टेशनों के लिए 12 टेंडर लगाए गए हैं। 12 पॉइंट पर जहां कचरा रहता है उनका साफ किया जाएगा। साथ ही सभी वार्डों एमआरएफ केंद्र बनाए जाएंगे। निगम द्वारा एक और वाटर स्प्रिंकलर व्हीकल खरीदा जाएगा। शहर की तंग गलियों व रास्तों के लिए छोटी सफाई की मशीन भी खरीदी गई है जो अभी एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए रहेगा। गोबर उठाने के लिए शहर में 10 ट्रैक्टर ट्राली लगा दी गई है जिससे गोबर को बाहर न फेंक कर डिटेक्टर ट्रॉली में डालकर बाहर डंपिंग स्टेशन पर डाला जा सके।


**हिसार।** स्कूल में निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## बीईओ व बीआरसी ने एनएसएस कैंप का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चल रहे कैंप में एनएसएस और शिक्षा का महत्व बताया

सुशीला भवन रोड स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे एनएसएस शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र दलाल व बीआरसी अनिल नेहरा निरीक्षण करने पहुंचे। स्कूल प्रिंसिपल कांति कमल ने निरीक्षण टीम को कैंप में चलाई गई विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया। निरीक्षण टीम ने एनएसएस वालंटियर्स से बात की और कैंप के दौरान उनकी गतिविधियों का जायजा लिया और एनएसएस के प्रति उनके उत्साह का खूब सराहना दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस व शिक्षा का महत्व समझाया।

छात्राओं को स्वयंसेवी बनने और उनके कर्तव्यों की जानकारी देते हुए कहा कि स्वयंसेवी स्वयं से ही अपनी ओर समाज की सेवा करता है। छात्र जीवन में एनएसएस का अपना विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षा भविष्य की आधारशिला है। शिक्षा देश के नागरिकों के लिए अपने आर्थिक विकास में सुधार करके एक बेहतर समाज बनाने में सहायक होती है। एनएसएस कैंप के दौरान 57 स्वयं सेविकाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान इंग्लिश प्रवक्ता विजय कुमारी, अंजू बाला, अनिल यादव, भूपेंद्र कुमार, अनिता रानी आदि मौजूद रहे।

## करंट से पति की मौत के तीन माह बाद भी नहीं मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- पीड़ित पत्नी ने ऊर्जा मंत्री के सामने लगाई गुहार
- ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने बिजली पंचायत में सुनी जनसमस्याएं

पति की करंट लगने से मौत होने के तीन माह बाद भी सरकार के तरफ से मुआवजा राशि नहीं देने का मामला शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह के सामने बिजली पंचायत में उठा। पीड़ित पत्नी कंचनबाला ने बताया कि उसका पति एचकेआरएन के तहत बिजली निगम में कार्यरत थी। करीब 3 माह पहले उसका पति गांव मिर्जापुर में बिजली आपूर्ति बंद करके 220 केवी के पोल पर काम कर रहा था। इस दौरान पीछे से बिजली की सप्लाई चालू दी। इससे उसके पति की करंट लगने से मौत हो गई। रोते हुए पीड़िता ने बताया कि पति की मौत के तीन माह बाद भी सरकार के तरफ से उसे मुआवजा नहीं मिला है। इस पर ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


**हिसार।** बिजली पंचायत में शिकायतें सुनते मंत्री रणजीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ढाणियों में लंबित बिजली कनेक्शन शीघ्र मुहैया करवाए जाएं व उपभोक्ताओं के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। अधिकारियों को ओवर बिलिंग के मामलों का निपटान, लंबित ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने व बिजली चोरी की रोकथाम, ओवरलोड की समस्या का समाधान करने के भी निर्देश दिए।

बिजली पंचायत में 12 पंचायतें तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए शहरी व ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा कुल 82 शिकायतें ऊर्जा मंत्री के समक्ष रखी गई, जिनमें लटकी बिजली की तारें, ट्रांसफार्मर लगाने, तीन फेज सप्लाई लाइन, रिहायशी क्षेत्रों से 11 व 33 किलो वाट की लाइनों में आने वाले अवरोधों को हटाने, शिफ्ट करने व कसने तथा ढाणियों में बिजली से संबंधित शिकायतें रखी गई।

### सेंट्रल जेल का किया निरीक्षण

*इसके पूर्व ऊर्जा एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह ने हिसार सेंट्रल जेल का निरीक्षण कर कैदियों से मुलाकात की और अधिकारियों को जेल से सम्बंधित जरूरी हिदायतें भी दी। उन्होंने कैदियों को बेहतर एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने की हिदायत दी। उन्होंने बंदियों के लिए बनाए जाने वाले खाने की व्यवस्था की जानकारी ली तथा खाने की क्वालिटी में सुधार व इंडोर गेम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बिजली पंचायत में बरवाला के विधायक जोगीराम सिहाग, भाजपा प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र, जिला पार्षद ओपी मालिया, एसई ओमबीर उपस्थित थे।*

## परिजनों ने चौथे दिन भी नहीं उठाया अस्पताल से शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- डाबड़ा निवासी पवन की आत्महत्या का मामला

नजदीकी गांव डाबड़ा निवासी युवक पवन की आत्महत्या मामले में परिजनों ने चौथे दिन भी शव नहीं उठाया। परिजन मामले में आरोपित डीएसपी सहित सभी छह आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं।

मृतक के परिजनों द्वारा चौथे दिन भी शव न उठाने पर उन्हें समझाने के लिए शुक्रवार देर सायं एएसपी राकेश कुमार मोहन व डीएसपी अशोक कुमार नागरिक अस्पताल पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि उनकी शिकायत के अनुसार आजाद नगर थाना में सभी छह आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया गया है। उसमें आत्महत्या के लिए मजबूर करने व एससीएसटी की धाराएं जोड़ी गई है। मामले की पूरी तरह से जांच की जाएगी और उसके बाद उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। दूसरी तरफ परिजनों का कहना है कि जब तक आरोपित गिरफ्तार नहीं होंगे, वे शव नहीं उठाएंगे। उनका कहना है कि मामले में एक आरोपित डीएसपी स्तर का अधिकारी है, जो मामले को प्रभावित भी कर सकता है। एएसपी, डीएसपी व अन्य पुलिस अधिकारियों ने मृतकों के परिजनों को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया लेकिन शव उठाने पर सहमति नहीं बन पाई।

### इन पर दर्ज किया केस

आजाद नगर पुलिस ने इस संबंध में 2 जनवरी को ही डीएसपी सहित छह पर आत्महत्या के लिए उकसाने व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया था। परिजनों ने यहां तैनात रहे डीएसपी जोगेन्द्र शर्मा पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप जड़ा है। जोगेन्द्र शर्मा के अलावा पुलिस ने अजयबीर, ईश्वर, प्रेम, राजेन्द्र व अर्जुन के खिलाफ केस दर्ज किया है। डीएसपी जोगेन्द्र शर्मा इस समय कालका में तैनात है।

### यह था मामला

*मामले के अनुसार डाबड़ा निवासी लगभग 27 वर्षीय पवन चार दिन पहले फंदे पर लटका मिला था। परिजनों का आरोप है कि पवन को हिसार में कार्यरत रहे एक डीएसपी ने आत्महत्या के लिए मजबूर किया है। ऐसे में वे शव नहीं उठाएंगे। उनकी मांग है कि डीएसपी सहित सभी आरोपितों की गिरफ्तारी की जाए।*

### निजी स्कूल संचालक आज सौंपेंगे ज्ञापन

**हिसार।** सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सेठी ने की अध्यक्षता में निजी स्कूल संचालकों की एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे सरकार द्वारा निजी अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों को एक्सटेंशन नही देने और लाखों रुपये बॉन्ड राशि भरवाने जाने संबंधित समस्याओं बारे विचार विमर्श किया और ठोस समाधान के लिए योजना बनाई। सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ की मीटिंग में फैसला किया कि हिसार जिले के सभी अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूल संचालक 6 जनवरी को पैदल मार्च निकालते हुए डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा व अन्य मंत्रियों व विधायकों के निवास स्थान पर पहुंचेंगे और ज्ञापन देंगे।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

**बरवाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बधावड़ में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर के समापन पर वरिष्ठ अध्यापक वेद सिंह बूरा ने स्वयंसेवकों से अपने विचार सांझा किए और एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार रखें। अध्यापक वेद सिहं बूरा ने स्वयंसेवकों को वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के टिप्स बताए। इस दौरान सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया।


## साइबर ठगों ने रिश्तेदार बन डंफर ट्राली बनाने वाले मिस्त्री को लगाया सवा पांच लाख रुपए का चूना

**हांसी।** साइबर ठगों ने डंफर ट्राली बनाने वाले मिस्त्री को उसी का रिश्तेदार बन सवा पांच लाख रुपए का चूना लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर थाना पुलिस ने न्यू सुभाष नगर कालोनी निवासी अशोक कुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अशोक कुमार ने बताया कि वह डंफर ट्राली बनाने का काम करता हूं। और मेरा रिश्तेदार सौरव कनाडा में रहता है। अशोक ने बताया कि 21 दिसंबर को मेरे मोबाईल फोन पर अज्ञात फोन नंबर से फोन आया कि मैं सौरभ बोल रहा हू और मैं आपके बैंक खाते में 14 लाख रुपये डाल रहा हू और यहां मेरा एक एजेन्ट हरजीत सिंह है और उसकी मां की किडनी का आपरेशन होना है इसलिए आप ये रुपये उसको दे देना। अशोक ने बताया जैसे ही उसने 14 लाख रुपए डालने के बारे में कहा उसके तुरंत बाद उसके पास ओर एक काल आयी और उसने कहा कि मैं एसबीआई हैडक्वार्टर दिल्ली से मनेन्द्र पाल बोल रहा हू और आपके खाते में विदेश से आपके अकाऊंट 14 लाख रुपए आये हैं और यह 14 लाख रुपए 24 घंटे में अपडेट होगें। अशोक ने बताया कि उसके थोड़ी देर बाद फिर से सौरभ का फोन आया कि आप मेरे एजेंट हरजीत सिंह के अकाउंट उसमें रुपए डाल दो। अशोक ने बताया कि उसके बाद मैनें दिनांक 21 दिसंबर को आरटीजीएस के द्वारा 4 लाख रुपए और 22 दिसंबर को 1 लाख 25 हजार रुपए जमा जमा करवा दिए।

WISDOM SCHOOL
South Bypass to Dabra Road, Hisar
Affiliated to the Council for ICSE, New Delhi
REQUIRES
- TGT - Science- 1, History and Civics- 2
- PRT - Science- 1, English-2, Hindi- 1
- Mother Teacher - 6
- Activity Teacher - Dance
- Front Office Manager(F)-1
Interested Candidate may please send CV at wisdomhisar@gmail.com
ONLY SHORTLISTED CANDIDATES WILL BE CALLED FOR INTERACTIONS.

## राजकीय महिला कॉलेज व राजकीय कॉलेज सिवानी में करार

**हिसार।** शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय ने सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय सिवानी के साथ पांच वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालयों के प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य तथा राजकीय महाविद्यालय सिवानी के प्राचार्य डॉ. सत्यपाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इस समझौते के तहत अगले पांच वर्षों तक दोनों कॉलेजों में सांझा रूप से स्टुडेंट एक्सचेंज और फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाएंगे। दोनों महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एकेडमिक रिसोर्सेज को भी सांझा करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि ज्ञान को जितना बांटेगे उतना ही बढ़ेगा और इससे इस समझौते के को-ऑर्डिनेटर कॉमर्स विभागाध्यक्ष प्रो. सतीश सिंगला के अनुसार इससे आगामी पांच वर्षों तक दोनों कॉलेजों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को आपस में ज्ञान का आदान प्रदान करने का अवसर मिलेगा।


**हिसार।** समझौते के अवसर पर दोनों कॉलेजों के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005


**हिसार।** मांगों को लेकर धरना देते जिलेभर के पटवारी व कानूनगो। फोटो : हरिभूमि

## मांगों को लेकर रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन ने किया कार्य का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- मांगों को लेकर जिला भर के पटवारी व कानूनगो का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

दि रेवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन द्वारा मांगों को लेकर शुक्रवार को भी सांकेतिक कार्य बहिष्कार करते हुए जिला मुख्यालय पर तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। फर्द, गिरदावरी, शिनाख्त, रिहायशी प्रणाम-पत्र का कार्य तीसरे दिन भी ठप रहा। उधर, धरना की अध्यक्षता जिला प्रधान आजाद सिंह ने की तथा मंच का संचालन बलबीर सिंह झाझड़िया ने किया।जिला सचिव विकेश कुमार ने बताया कि पटवारी व कानूनगो की मांगें पिछले काफी समय से लंबित हैं, जिसमें मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार जनवरी 2016 से 32100 रुपए वेतनमान लागू किया जाए, प्रदेश में पटवारियों के रिक्त पड़े पदों को स्थाई भर्ती से भरा जाए, व ट्रेनिंग को डयूटी समय मे शामिल किया जाए व पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए, जब तक नई भर्तियां नहीं होती तब तक जिस पटवारी को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है उसे अन्य राज्यों की तर्ज पर वेतन व भत्ते दिए जाएं आदि मांगें प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिन से जारी धरने के बाद भी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी है। सरकार के रवैये को देखते हुए राज्य कार्यकारणी ने कार्य बहिष्कार को आगे बढाने का निर्णय लिया। लोगों को होने वाली परेशानी के लिए सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेवार होगी। धरना को किसान नेता सुबे सिंह बूरा व शमशेर सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के सुरेन्द्र मान, ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल, सचिव विनोद प्रभाकर ने भी संबोधित किया।

RASAM PAGRI

With profound grief and sorrow,
we inform the sad demise of our beloved
SMT. SHANTI DEVI GUPTA
W/o Late Sh. Kapuri Lal Gupta on 27.12.2023
Rasam pagri will be held on 07.01.2024 (Sunday)
from 2:00 pm to 3:30 pm
at GEETANJALI GARDEN, Murthal Road, Sonipat (Haryana)
In Grief
J.C. Gupta (Son) ETO (Retd.)
CA. Pawan K. Gupta (Son) S. P. Chopra & Co., Chartered Accountants, New Delhi
CA. Prateek Gupta (Grand Son)
Ajay Gupta (Grand Son) Ajay Investments Centre, Sonipat
Pankaj Gupta (Grand Son) Gupta Bros., Caterers, Sonipat
Gaurav Gupta (Grand Son) Mateshwari Drugs and
Rajnish Gupta (Grand Son) General Store, Sonipat, Haryana
Mobile.: 98102 77251, 98960 51975, 98964 33438, 98963 51975, 90345 24101
H.No. 3317, Sector-15, Sonipat, Haryana